ऊना, 29 मार्च 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# हिमाचल प्रदेश रेरा को ई-गवर्नेंस पुरस्कार

## रेरा के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने नई दिल्ली में प्राप्त किया पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण रेरा को उपभोक्ता अनुकूल वेब पोर्टल विकसित करने के लिए कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा विशेष अभिरुचि समूह एसआईजी ई-गवर्नेंस पुरस्कार से नवाजा गया है। रेरा के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत बाल्दी ने नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्राप्त किया। श्रीकांत बाल्दी ने बताया कि इस उपभोक्ता अनुकूल वेब पोर्टल का डिजाइन और विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी हि.प्र. द्वारा ओमिडयार नेटवर्क और प्रैक्सिल ग्लोबल एलायंस के सक्रिय मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया है। उन्होंने कहा कि रेरा का प्राथमिक उद्देश्य पारदर्शिता लाते हुए रियल एस्टेट परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करना और रियल एस्टेट



खरीदारों में विश्वास बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि यह एक सरल, पारदर्शी और उपभोक्ता केंद्रित वेब पोर्टल है जो सभी हितधारकों, आम लोगों यानि घर खरीदारों अथवा आवंटियों, प्रमोटर्ज, एजेंटों की मदद करने के लिए विकसित किया गया है। इस वेब पोर्टल में चार मॉड्यूल शामिल हैं। इनमें रियल एस्टेट परियोजनाओं एवं रियल एस्टेट एजेंट का ऑनलाइन पंजीकरण, त्रैमासिक एवं वार्षिक प्रगति रिपोर्ट को ऑनलाइन भरना, पीड़ित व्यक्तियों द्वारा शिकायत दर्ज करना और पंजीकरण से पहले एवं पश्चात की सुविधा शामिल है।श्रीकांत बाल्दी ने कहा कि रेरा की वेबसाइट के माध्यम से रियल एस्टेट परियोजनाओं के स्थल एवं इसके निर्माण की स्थिति, प्लॉट, अपार्टमेंट एवं वाणिज्यिक इकाइयों की उपलब्धता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमोटर्ज को पंजीकरण के लिए मामले ऑनलाइन अपलोड करने के लिए चौबीस घण्टे सुविधा उपलब्ध है।

सभी प्रमोटर्ज बल्क ई-मेलिंग/एसएमएस प्रणाली से जुड़े हैं तथा इसमें उन्हें परियोजना के पंजीकरण और त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट/वार्षिक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने तथा प्राधिकरण के महत्वपूर्ण निदेशों के बारे में सूचना प्रदान की जाती है।

# बिना एक्सफार्म मेटीरियल ले जाते वाहनों को पुलिस चौकी रे टीम ने किया तीस हजार जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/विजय समयाल**

थाना फ तेहपुर के अंतर्गत पुलिस चौकी रे का लगातार अवैध कारोबार करने वाले लोगों पर डंडा लगातार बरश रहा है। चाहे बो माफि या से संबंधित लोग हो जा सरकार के राजस्व पर डाका डालने वाले।ऐसा की एक मामला पुलिस चौकी रे के तहत पड़ते बोर्डर एरिया में देखने को सामने आया है आपको बताते चलें कि पुलिस चौकी रे टीम द्वारा नाकाबंदी के दौरान बोर्डर एरिया में क्रैशर मेटीरियल ले जाते समय दो टीपरों दंड लगाया है प्राप्त सूचना के मुताबिक देर रात पुलिस चौकी प्रभारी भजन जरियाल के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा देर रात, मोबाइल नाका लगाया हुआ था तब वहां से गुजर रहे टीपरों को पुछताछ हेतू रोका गया जिसमें एक टीपर बिना नंबर के चल रहा था ओर दूसरा



का नंबर एचपी72-7664 था ओर इस चैकिंग अभियान के तहत दोनों टीपर चालक एक्स फार्म नहीं दिखा पाए मौका पर कार्रवाई करते हुए भजन जरियाल द्वारा दोनों टीपरों को पंद्रह पंद्रह हजार रुपए का चालान कर दिया गया। भजन जरियाल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी समय में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

एसमएल-08

# गहरी खाई में गिरी कार, चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**




जिला सिरमौर के उपमंडल श्री रेणुका जी के तहत बेचड का बाग-राजगढ़ रोड पर पनयाली के समीप एक दर्दनाक सडक हादसा पेश आया है। यहां एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिस कारण चालक की मौत हो गई है, जबकि कार में सवार उसका भतीजा बुरी तरह से जख्मी हुआ है।घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मृतक की पहचान जयपाल पुत्र श्री देवेंद्र सिंह गांव बागिल घाट पनयाली ग्राम पंचायत पराडा के रूप में हुई है। मृतक का पोस्टमार्टम मंगलवार को ददाहू में किया जाएगा।जानकारी के मुताबिकए कल शाम 6 बजे देवेंद्र अपने भतीजे के साथ गाड़ी एच-71-3329 में सवार होकर जा रहा था। इस दौरान जैसे ही गाड़ी बेचड का बाग-राजगढ़ रोड पर पनयाली के समीप पहुंची तो अचानक चालक गाड़ी से संतुलन खो बैठाए जिस कारण गाड़ी सडक से लुढक कर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि भतीजा बुरी तरह जख्मी हुआ है। घटना के बाद इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और घायल को मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचाया।

बता दें मृतक पेशे से पटवारी था। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# बांगर पुल पर 25 अप्रैल तक नहीं चलेंगे वाहन : दंडाधिकारी सिरमौर

## पुल की मुरम्मत के दौरान वाहन वैकल्पिक रूटों पर ही चलेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला दंडाधिकारी सिरमौर आरके गौतम ने पांवटा साहिब क्षेत्र के बांगरन पुल पर 25 अप्रैल, 2023 तक द्वितीय चरण की मुरम्मत एवं पुनर्वास कार्य को जारी रखने की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग को प्रदान की है। मुरम्मत और पुनर्वास अवधि के दौरान बांगरन पुल पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाहजाही प्रतिबंधित रहेगी।जिला दंडाधिकारी ने इस संदर्भ में एक आदेश जारी करते हुए कहा कि इस पुल की मुरम्मत और पुनर्वास अवधि के दौरान पांवटा-पुरूवाला-सिंहपुर-भगानी-गोजर-डाक पत्थर सडक पर बांगरन पुल से गुजरने वाले सभी प्रकार के वाहन उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग पर चलेंगे। आरके गौतम ने बांगरन पुल की मुरम्मत की अवधि के दौरान मार्ग डाईवर्जन स्थल पर साईनबोर्ड लगाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए हैं ताकि वाहनों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# निदेशालय की टीम ने किया मॉकड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत खान सुरक्षा निदेशालय गाजि?ाबाद के अंतर्गत 30 वां खान सुरक्षा सप्ताह एक अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इस सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत एक टीम ने कमरऊ क्षेत्र की जय सिंह ठाकुर की बल्दवा खान का निरीक्षण किया गया।टीम में कॉन्विनिर आर के झा सहित खनन प्रबन्धक डीके सिंह, निखिल कुमार एके मिश्रा मौजूद रहे। इस दौरान कॉन्विनिर आर के झा ने खनन मजदूरों को सीआरपी विधि का मॉकड्रिल दिखाया। उन्होंने कहा कि दिमाग का सुरक्षित होना बहुत जरूरी है तभी जाकर सही से उपकरणों का सुरक्षित इस्तेमाल किया जा सके।उन्होंने बताया कि खान सुरक्षा सप्ताह के दौरान गाजि?ाबाद क्षेत्र की हिमाचल, उरराखण्ड, राजस्थान, हरयाणा ओर जम्मू कश्मीर की लगभग 110 खाने भाग ले रही है। जिनका निरीक्षण विशेषज्ञों की नौ टीमें करेगी। जिसमें हिमाचल की पांच मशीनीकृत और 17 अर्ध मशीनकृत खाने भाग ले रही है। इस दौरान माइन में कार्य, सडक, विशेषज्ञ स्टाफ , सुरक्षा उपकरण, ब्लास्टिंग के प्रबन्ध प्रचार-प्रसार और स्वच्छता आदि की जांच करके अंक देगी। जिसका टीम मूल्यांकन कर खान सुरक्षा निदेशालय को सौपेंगी। जिसके आधार पर अंतिम पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह में खानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सौर ऊर्जा निभाएगी उपयोगी भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा में निवेश का प्रस्ताव प्रदेश के मौलिक एवं बहुमूल्य पर्यावरण को संरक्षित करने की दृष्टि से सकारात्मक परिणाम लाने की दिशा में एक कारगर कदम है। प्रदेश के पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने से एक ओर 'हरित एवं स्वच्छ हिमाचलइ की राह प्रशस्त होगी, वहीं यह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के हिमाचल को 'हरित ऊर्जा राज्यइ बनाने के संकल्प को भी पूरा करने में सहायक होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में तेजी से उभर रही सौर ऊर्जा की जलवायु परिवर्तन तथा ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका है, जो कि मानवए वन्य जैव संपदा तथा पारिस्थितिकीय तंत्र को सुरक्षित रखने के लिए भी आवश्यक है। ऊर्जा उत्पादन में जल के उपयोग को कम करने तथा वायु की गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से भी सौर ऊर्जा अहम भूमिका निभा सकती है।राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक जिला में पायलट आधार पर दो-दो ग्राम पंचायतों में 500 किलोवाट से एक मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर इन्हें 'हरित पंचायतोंइ के रूप में विकसित करने पर भी विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपने पहले हरित बजट में प्रदेश के युवाओं को निजी अथवा पट्टे पर ली गई भूमि पर 250 किलोवाट से 2 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 40 प्रतिशत उपदान देने के लिए भी प्रस्ताव किया है। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में सौर ऊर्जा पर आधारित 'बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टमइ स्थापित करने का भी प्रस्ताव है।राज्य सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से लगभग 200 करोड़ रुपये का 'हिमाचल प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र विकास कार्यक्रमइ भी प्रस्तावित किया है। इसके अन्तर्गत 200 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं और राज्य में 11 उपकेन्द्र तथा 13 शहरों के लिए दो वितरण लाइनों के निर्माण का प्रावधान है।सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन से राज्य में प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं की स्थिति में इलैक्ट्रिसिटी ग्रिड सिक्योरिटी उपलब्ध होगी। सोलर पैनल ग्रांट के साथ ही सौर ऊर्जा से उत्पादित अतिरिक्त बिजली को विद्युत ग्रिड में भेजने से उपभोक्ताओं के बिजली बिल शून्य होंगे और उपभोक्ताओं को आय का साधन भी उपलब्ध होगा।इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में निवेश करने के लिए देश के बड़े निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उपक्रमों ने स्वीकृति प्रदान की है। देश का प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सतलुज जलविद्युत निगम सीमित प्रदेश में पांच सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेगा।

# अटल सदन कुल्लू में राज्य स्तरीय वार्षिक साहित्यक अधिवेशन मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

ऑथर्ज गिल्ड ऑफ हिमाचल ने अटल सदन कुल्लू में राज्य स्तरीय वार्षिक साहित्यक अधिवेशन मनाया। अधिवेशन में डॉ. गंगा राम राजी मुख्यातिथि रहे। पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर भी उपस्थित रहे। वार्षिक अधिवेशन में प्रदेशभर के साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। कुल्लू चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय दीपक शर्मा कुल्लवी को याद किया गया। इससे पूर्व साहित्यकार वैशाली विष्ट ने महिला सशक्तिकरण, इंदु पटियाल ने मां और बेटी का



संवाद, सरला चंबियाल ने संस्कृत वंदना, रमेश चंद मस्ताना ने समय और मानव, इंदु भारद्वाज ने अजमत का अहसास में जिंदा, पुनीत पटियाल ने महाराणा प्रताप, निरजर शर्मा ने अपने जीवन की पहली कविता सुनाई, राजीव गौड़, ऋ षभ शर्मा ने दीपक शर्मा कुल्लवी द्वारा लिखे गए भजन का गायन किया।

साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने पर साहित्यकार डॉ. होमेंद्र कुमार राजपूत, हिरालाल ठाकुर, रमेश ठाकुर, सुरेंद्र मिन्हास, वीना वर्धन, अमर नाथ धीमान, जय म्हलवाल, तृप्ता देवी, प्रवीण शास्त्री, नरेश कंवर, फि रासत खान, पुनीत पटियाल, इंदु भारद्वाज, इंदु पटियाल, ओम शास्त्री, सहित आदि उपस्थित थे।

# प्राचार्य रमन कुमार को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मनित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दौलतपुर चौक कालेज के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा को सेवानिवृति के अवसर पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ द्वारा प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डॉ. लीना शर्मा ने प्राचार्य डॉ. रमन कुमार के लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके शिक्षा जगत में दिए गए योगदान को सराहा गया।

# मुख्यमंत्री ने 'जोगिया' का पोस्टर व टीजर जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत सांय शिमला में निमार्ता-निर्देशक जगत गौतम शर्मा की एलबम 'जोगियाइ का पोस्टर और टीज? जारी किया।मुख्यमंत्री ने इस एलबम से जुड़े गायकों एवं अन्य कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें इसकी सफलता की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी भी उपस्थित थे।



# भाजपा के छुटभईये नेता शालीन व सभ्य भाषा का इस्तेमाल करना सीख लें : परमार

**8 जोगिन्दर नगर की सडकों की यह स्थिति कोई इस सरकार के सौ दिनों के कार्यकाल में नहीं हुई**



**इंडिरूा/जोगिंद्रनगर/संगराय**

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरुशरण परमार ने कहा है कि पिछले कल जोगिंद्रनगर भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ जो अमर्यादित नारे लगाए उसका कड़ा संज्ञान लेते हुए गुरु शरण परमार ने उनको अपनी खलड़ी में रहकर ब्यानबाजी करने की नसीहत दी है।

परमार ने कहा कि जोगिन्दर नगर की सडकों की यह स्थिति कोई इस सरकार के सौ दिनों के कार्यकाल में नहीं हुई बल्कि यह पिछले पाँच साल के हैलीकोपटर वाले मुख्यमंत्री व यहां के हैलीकोपटर वाले विधायक की नकाबलियत व विफ लता का जीता जागता उदाहरण है। एक बोरी बजरी लाकर 2-4 गड्ढे भरकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश करने के बजाये भाजपाईयों को चाहिए था कि अपनी सरकार में प्रसिद्ध ठेकेदारी माफि या और ट्रांसफ र माफि या से कुछ पैसा जुटाकर पूरे शहर को ही गड्ढों से निजात दिला देते स भाजपा के लोग कुछ भी कहने से पहले अपना ज्ञानवर्धन भी कर लें कि जिस एनएच पर गड्ढों की बात वह कर रहे हैं वह प्रदेश सरकार के अंतर्गत आता है या केन्द्र सरकार के स मुदार्बाद के नारे आपको केन्द्र सरकार के लगाने चाहिए थे मगर आप ने एक ऐसे नौजवान मंत्री को विरोध के लिये चुना जिसे कि पूरा हिमाचल प्यार करता है और जिनकी काबलियत को देखते हुए ही इतनी जिम्मेवारी वाला महकमा कांग्रेस ने संभालने को दिया है। आपको पता था की विभाग अब मेलों के आयोजन के चलते पैच वर्क करेगा तो आ गए अपनी राजनीति चमकाने सडको पर जबकि पिछले पाँच साल सडको की स्थिति आप को नहीं दिखी।

# स्कूटर पर ढोया गया दस-दस टन राशन, सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन में करोड़ों का घोटाला

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर जिला में स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन में बड़े घोटाले का पर्दाफ ाश हुआ है। यहां बीपीएल परिवारों को दिए जाने वाले सरकारी राशन को डकार कर करोड़ों के घोटाले को अंजाम दिया गया है। इसका खुलासा आरटीआई एक्टिविस्ट रितेश गोयल द्वारा जुटाई गई जानकारी के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि पिछले कई सालों से इस घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है और इसमें सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ मिल मालिक व



ढुलाई ठेकेदार की मिलीभगत सामने आई है।आरोपों के मुताबिक सस्ते दामों पर गरीबों को मिलने वाले राशन को सिर्फ कागजों में बटा हुआ दिखाया जाता है जबकि हकीकत में इसे महंगे दामों में बाजारों में भेजा जाता है। आरोप है कि स्कूटी नम्बर पर यहाँ 10-10 टन की सप्लाई दिखाई गई है एक ही दिन में एक गाड़ी को कई स्टेशनों पर सप्लाई करते से दिखाया गया है जोकि बिल्कुल भी संभव नहीं है क्योंकि इन सब की दूरी एक दूसरे से करीब 200 किलोमीटर से भी दूर है। रितेश गोयल ने पत्रकारवार्ता के दौरान भुगतान को लेकर बिलों व चालान इत्यादि की जानकारी भी शेयर की। इसमें खुलासा किया कि मिल मालिक द्वारा कंडम ट्रक एचपी18बी-5205 व स्कूटी एचपी18ए-8505 पर 10-10 टन राशन की ढुलाई दिखाई। इसके बाद विभाग ने बिलों को भी पास कर दिया। एक आपूर्ति तो तीन महीने बाद गंतव्य तक पहुंची। गोयल ने कहा कि आरटीआई द्वारा एकत्रित की गई जानकारी चार बोरियों की है। इसमें से कड़ी मशक्कत के बाद करीब 5 किलो दस्तावेजों की छंटनी की गई, जो इस घोटाले को साफ तौर पर इंगित कर रहे हैं। रितेश गोयल की मानें तो कोविड काल में 2020-21 व 2021-22 में हिमाचल प्रदेश राज्य आपूर्ति निगम समिति के गोदामों से अनाज की ढुलाई की एवज में तकरीबन 10 करोड़ का घोटाला हुआ है। ठेकेदार ने एक ही गाड़ी द्वारा एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर आटा ढुलाई को दशार्या है। निगम द्वारा बंद पड़ी आटा मिल को पिसाई व ढुलान का भुगतान किया गया। साथ ही बिजली के बिलों से भी मिलान किया जा सकता है। गोयल ने सवाल उठाया कि जब बिजली की खपत ही नहीं हुई तो आटे की पिसाई कैसे हुई। ठेकेदार ने ढुलाई का कार्य कालाअंब से दशार्या। 17 किलोमीटर का अतिरिक्त किराया दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य आपूर्ति निगम समिति के निदेशक द्वारा महज खानापूर्ति के लिए जांच करवाई गई जबकि इस की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए थी क्योंकि यह बहुत बड़ा घोटाला है।

# रुद्रानंद सेवक मंडल ने आचार्य नड्डा भेजा निमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

परम पूजनीय बाबा फकीर चन्द जी महाराज महेश दरबार मवाकोहलां में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा में रुद्रानंद सेवक मंडल ने प्रधान राजिंदर टीटू ने पहुंचकर व्यासपीठ आचार्य नड्डा एवं समस्त भक्तजनों को 2 अप्रैल को कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किये जा रहे विराट धार्मिक सम्मेलन के लिए निमंत्रण सौंपा। गौर रहे इस सम्मेलन में श्री श्री 1008 सुग्रीवानंद जी महाराज अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करने जा रहे हैं, जिसमे ठाकुर जी की पालकी एवं शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# लाठियाणी-मंदली पुल निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिले पूर्व मंत्री कंवर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने केंद्र सरकार द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र में लठियाणी-मंदली पुल के लिए 900 करोड़ रुपये की डीपीआर मंजूर करने पर आभार जताया है। मंगलवार को जिला मुख्यालय के भाजपा कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री ने बताया कि वह खुद और प्रदेश के सभी लोकसभा और राज्यसभा सदस्य केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अगुवाई में केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस पुल के निर्माण को लेकर मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल में हिमाचल भाजपा के अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप, सांसद किशन कपूर, इंदु गोस्वामी, डॉ. सिकन्दर कुमार शामिल रहे। पूर्व मंत्री कंवर ने कहा कि इस पुल




के निर्माण को लेकर लंबे समय से प्रक्रिया चल रही थी, वही अब केंद्र में हिमाचल के प्रतिनिधियों ने इस पुल के निर्माण को लेकर सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से पक्ष रखते हुए निर्माण के लिए कदमताल तेज की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समक्ष स्थानीय लोगों ने निर्माण को लेकर मांग रखी थी। वहीं अब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सांसद और खुद पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिले हैं और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शीघ्र ही पुल के निर्माण कार्य के लिए पैसा स्वीकृत करने का भी आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से जहां एक तरफ पर्यटन विकास को पंख लगेंगे, वहीं दूसरी तरफ जिला के विकास में यह पुल मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लठियानी-मंदली पुल उनका सपना रहा है, जिसके लिए उन्होंने अथक प्रयास किये। उन्होंने कहा कि इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा करने का सारा रोडमैप पूर्व भाजपा सरकार के दौरान तैयार किया और अब यह पुल जल्द ही बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सडकें ही यहां की जीवनरेखा हैं व कुटलैहड़ के विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस अवसर पर भाजपा के सहमीडिया प्रभारी सुमित शर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष मनोहर लाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**लोकसभा चुनावों में जनता कांग्रेस को दिखाएगी आइना**

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कांग्रेस द्वारा दी गई 10 गारंटी के मामले पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होकर कांग्रेस को जनता की याद आती है, लेकिन इस दौरान भी कांग्रेस केवल मात्र झूठे वायदे करके जनता को ठगने का काम करती है। यह 10 गारंटी भी कांग्रेस के उसी छलावे का परिणाम है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पहली ही कैबिनेट बैठक में वायदों को पूरा करने का दम भरने वाली कांग्रेस प्रदेश सरकार को गठित हुए 100 दिन बीत जाने के बाद भी एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में प्रदेश की जनता कांग्रेस को आइना दिखाएगी।

# खड्ड में मनाया वार्षिक परितोषिक समारोह



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला खड्ड में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा मुख्यतिथि शिरकत की। जबकि केंद्र मुख्य शिक्षक राकेश चंद्र शर्मा, समाजसेवी एवं शिवसेना राज्य प्रवक्ता जयदत्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों की पहाड़ी नाटी, तेरी मिट्टी, देश रंगीला पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया।

समारोह के दौरान मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विरेंद्र कुमार, बीआरसीसी संजीव कुमार, पंकज दता, पूनम दता, पूर्व प्रधान करनैल सिंह, कर्म चंद, अश्वनी दता, विधि चंद, बीडीसी स्वर्ण लाल,श्याम दत, स्वर्ण लाल,चमन लाल मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बाथू व ललड़ी नशा मुक्ति केंद्रों में किए कोविड टेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



सांसद स्वास्थ्य सेवा टीम हरोली द्वारा नशा मुक्ति केंद्र ललड़ी व बाथू में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डा. प्रदीप भटिया, रूचि, प्रति व रोहित पर आधारित टीम के द्वारा नशा केंद्र में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और कोविड-19 आरटीपीसीआर टेस्ट किए गए। जिसमें 20 आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट आनी बाकी है। डा. प्रदीप द्वारा मरीजों को कोविड के लक्षणों व बचाव के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं मास्क का प्रयोग करने व हाथों को साबुन से धोने के बारे में अवगत करवाया।

एसमएल-20

### कर्मचारियों के तबादले कर प्रताड़ित करने का काम कर रही कांग्रेस सरकार: सत्ती

**ड्रैनेज व्यव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार से मांगा 19 करोड़ का बजट**

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

ऊना सदर के भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने विधानसभा में क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को लेकर आवाज बुलंद की है। इसके साथ ही सतपाल सिंह सत्ती ने कर्मचारियों के तबादले कर उन्हें प्रताड़ित करने और लोगों को दिक्कतों में धकेलने के लिए भी सरकार को जमकर घेरा। सत्ती ने जिला मुख्यालय की ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लंबित चल रहे काम के लिए प्रदेश सरकार से 19 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध करवाने की मांग की। विधानसभा सत्र के दौरान इन मुद्दों को उठाते हुए सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि जिला मुख्यालय के साथ ग्राम पंचायत लालसिंगी, कोटला कलां अप्पर और लोअर, अरनियाला अप्पर और लोअर, मलाहत, भड़ोलियां खुर्द, रामपुर, कुठार कलां, कुठार खुर्द में भी शहर के साथ-साथ ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करना है। जिसके लिए नाबार्ड को 48 करोड़ रुपए की डीपीआर भेजी गई है प्रदेश सरकार उसे भी मंजूर करवाना सुनिश्चित करे। विधायक सत्ती ने ऐतिहासिक भबौर साहिब सिंचाई योजना के जीर्णोद्धार के लिए भी 65 करोड़ रुपये का एस्टीमेट सरकार के ध्यान में लाया और इसकी भी मंजूरी की मांग उठाई। ताकि विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध करवाया जा सके। इसके साथ ही विधायक ने संतोषगढ़ नगर परिषद सीवरेज व्यवस्था के लिए विभाग द्वारा पिछले 4 महीने से डीआई पाइप नहीं खरीदे जाने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि विभाग की इस लचर कार्यप्रणाली के चलते संतोषगढ़ की सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह लटक कर रह गई है। वहीं सत्ती ने विधानसभा में अपने क्षेत्र के पंजाब से सटे गांव सनौली, मजारा, बिनेवाल, मलूकपुर, पूना और अजोली के घरेलू और बरसाती पानी का मुद्दा भी उठाया। सत्ती ने कहा कि यह सारा पानी सडकों पर जमा रहता है, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस पानी को सोमभद्रा नदी में फेंके जाने के लिए नाले बनाने की मांग उठाई। इस दौरान सतपाल सिंह सत्ती ने जिला के ठेकेदारों के विभिन्न विभागों द्वारा पैसे रोके जाने का मामला भी विधानसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि इन तमाम मांगों पर सरकार को विकास और कर्मचारियों की भलाई की दृष्टि से विचार करते हुए सकारात्मक कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा जनता को साथ लेकर सरकार के खिलाफ सडकों पर उतरकर मोर्चा खोले से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-2 द्वारा फर्नीचर एवं स्टडी मटिरियल का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

एनएचपीसी की पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण-2 के परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास सीएसआर-एसडी कार्यक्रम के अंतर्गत 28 मार्च, 2023 को राजकीय उच्च एवं प्राथमिक पाठशाला, शिल्हा, ग्राम पंचायत बरशैणी, जिला कुल्लू को दो कम्पुटर, दो प्रिंटर, 20 कुर्सी, 10 व्हाइट बोर्ड, 500 नोट बूक और 202 पुस्तकें प्रदान की।इस अवसर पर आरके मिश्रा,



महाप्रबंधक सिविल, स्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन तथा उप प्रधान शिल्हा, रुद्र चंद, वार्ड मेंबर शिल्हा शांता देवी, हेड मास्टरचंद्र मणि तथा परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने आज हिमाचल दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि 15 अप्रेल को हिमाचल दिवस समारोह कुल्लू स्थित ढालपुर मैदान में आयोजित किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि पुलिस, आईटीबीपी, एसएसबी, होमगार्ड तथा एनसीसी के कैडिटों द्वारा आयोजित भव्य परेड़ गणतंत्र दिवस का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के अलावा जिले के सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक



कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को हिमाचल दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए उन्हें सौंपे गए कार्य सही प्रकार से समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।बैठक की कार्यवाही का संचालन सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी ने किया। बैठक में अतिरिक्त पूलिस अधीक्षक आशीष शर्मा, सहायक आयुक्त लीव दीप्ति मंडोत्रा, एसएसबी, आईटीबीपी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हीरा में 32 का जांचा शुगर चेकअप



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर हीरा में जिला आयुष अधिकारी ऊना डाक्टर आनंदी शैली के दिशा निर्देश में रोगियों का मुफ्त शुगर चेकअप कैंप लगाया गया। शिविर के दौरान 32 लोगों का शुगर चेकअप किया गया। इसमें 7 रोगी मधुमेह रोग से ग्रसित पाएंगे, जिसका उपचार के लिए आयुष मेडिसिंस व योग क्रियाएं बताइ गई।

इस कैंप में डॉक्टर डैविड प्रभाकर, कुलवंत कौर, विजय कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बड़ूही में ट्रक की चपेट में आने से एक घायल

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

पुलिस चौकी जोल के तहत बड़ूही में सडक क्रॉस करते समय एक व्यक्ति ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की सहायता से उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया। वहीं पुलिस ने घटना के संबंध में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को बड़ूही में गुरु नानक पैट्रोल पंप दिलवां के समीप कृष्णा निवासी बड़ूही सडक क्रॉस कर रहा था। सडक क्रॉस करते समय एक ट्रक की चपेट में आ गया।

# हिमालय इंटरनेशनल स्कूल फतेहपुर में वार्षिक समारोह का आयोजन

## मुख्यतिथि सहित अभिभावकों का भी फूल वरसा कर स्कूल प्रशासन ने किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/फ तेहपुर/विजय समयाल**

हिमालय इंटरनेशनल स्कूल फ तेहपुर मे वार्षिक समारोह का अयोजन स्कूल परिसर मे किया गया। जिसमें एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने बैतौर मुख्य तिथि रुप मे शिरकत की। जबकि उनके साथ क्षेत्र के समाजसेवी डाक्टर सतीश शर्मा विशेष तिथि रुप मे पंहुचे। कार्यक्रम मे पंहुचने पर मुख्यतिथि सहित बच्चों के अभिभावकों का स्कूल प्रशासन व बच्चो द्वारा फूल वरसा कर जोर शोर से स्वागत किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उसके बाद स्कूल की प्रधानाचार्या नेहा चंदेल, फ ाऊडर सोनी चम्बियाल, चेयरमैन वरयाम सिंह मनेजर विक्रांत व कोर्डिनेटर मनू चौहान द्वारा अतिथियों को शॉल व ट्रॉफ ी से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा इस दौरान बताया गया कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इससे अलग हटकर अपने बीच छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने के लिए विभिन्न तरह के मंच पर भी आगे आना चाहिए। वार्षिक समारोह की थीम 'भारतीय सिनेमा को सलामइ रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभिन्न परिधानों में छात्र-छात्राएं सजे हुए नजर आए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत छोटे-छोटे ननिहालो के द्वारा की गयी। इस मौका पर बाइस प्रिंसिपल विशाल कुमार पीजीटी मनू शर्मा, टीजीटी नबिंद्र कुमार शर्मा, गोबिंद कौर व परविन्द्र सिंह सहित बच्चों के अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# शिमला में एचआरटीसी बस में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राजधानी शिमला के लिफ्ट के समीप एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एचआरटीसी की बस नंबर एचपी-63- 6776 में अचानक आग लग गई। यह बस पूजारली से पुराना बस स्टैंड जा रही थी और लिफ्ट के समीप जैसे ही बस सवारयों को उतारने के लिए रुकी तो इंजन में आग लग गई। देखते ही देखते बस से धुएं की लपटें निकलने लगी। बस यात्रियों से पूरी तरह से भरी थी। बस में अफ रा-तफ री मच गई और सभी सवारिया समय रहते नीचे उतर गई।मौके पर



मौजूद पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी और अग्निशमन की 2 गाडि?ां मौके पर पहुंची फि र आग पर काबू पाया। एचआरटीसी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।एचआरटीसी के उप मंडलीय प्रबंधक देवा सेन नेगी ने बताया है कि यह बस स्कूल के बच्चों को छोड़ने गई थी और पूजारली से सवारियां लेकर वापस बस स्टैंड की ओर आ रही थी। लिफ्ट के समीप चालक ने जैसे ही सवारियों को उतारने के लिए बस को रोका तो बस के इंजन में आग लग गई। उन्होंने कहा कि यह आग शॉर्ट सर्किट होने से लगी है। आग से बस को तो नुकसान हुआ है लेकिन सभी सवारियां सुरक्षित है।

मंडी विधानसभा क्षेत्र (नाचन) के विधायक विनोद कुमार ने भी अपना योगदान देते हुए बस में लगी आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। सवारियों ने बताया कि जिस दौरान आग लगी उस समय विधायक व उनके साथ अन्य लोगों ने पानी की बालटियों से आग बुझाने में अपना सहयोग दिया। साथ ही खच्चा-खच्च भरी बस की सवारियों को सुरक्षित बस से बाहर उतारा इसके बाद विधायक की काफी प्रशंसा की जा रही है। कहा जा रहा है कि अपनी जान की परवाह न करते हुए विधायक ने आग बुझाने की कोशिश की हालांकि अग्निशमन की गाड़ियों को भी बुलाया जिसके बाद आग को काबू किया गया।

# कटराई में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कटराई में पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के सदस्यों के लिए जागरूकता शिविर की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो समूल जीवन को नष्ट कर देती है नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ-साथ समाज पर बोझ बन जाता है। उन्होंने समाज में विशेष कर युवाओं में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही नशीली वस्तुओं के सेवन की आदत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए हम सभी को




सामूहिक प्रयास करने होंगे तभी हम एक नशा मुक्त स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कुल्लू जिले में नशे की बुराई से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। डॉ सत्यव्रत वैद्य ने कहा कि नशा एक बीमारी है जिसका अन्य बीमारियों की तरह उपचार सम्भव है।उन्होंने कहा कि नशे की आदत से पीड़ित कोई भी व्यक्ति उपचार से पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र मैं नशे की आदत से ग्रसित पुरुषों तथा महिलाओं के ईलाज की सुविधा उपलब्ध है उन्होंने कहा कि प्रदेश का एकमात्र ऐसा केंद्र है जहां नशे की आदत से पीड़ित महिलाओं के दाखिल कर ईलाज किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यहां दाखिल पुरुष तथा महिलाओं को निशुल्क दवाई व ईलाज की सुविधा उपलब्ध है।और कोई भी ब्यक्ति संस्थान के दुरभाष नम्बर 265265 पर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा की यहां ईलाज करवाने वालों की सारी जानकारी गुप्त रखी जाती है।इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र से ईलाज करवा कर अव स्वस्थ जीवन जी रहे दो युवको ने अपने अनुभव सांझा किये। इन युवाओं ने कहा कि यदि कोई भी ब्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे की आदत से ग्रसित है वह अपना ईलाज करवा कर पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकता है।

पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष सिकंदर ठाकुर ने कार्यशाला आयोजित करने के लिए आभार ब्यक्त किया।

जिला कल्याण अधिकारी समीर ने मुख्य अतिथि तथा कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा बताया कि विभाग द्वारा लोगों को नशे की बुराई के खिलाफ जागरूक करने के लिए इस तरह के जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि एक नशा मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

# दो दिन के भीतर चिंतपूर्णी क्षेत्र में दूसरी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

चिंतपूर्णी क्षेत्र में दो दिन के भीतर हुई दूसरी चोरी हुई है। ताजा मामला भी भटेड पंचायत के कालू जी बड़ का है। जहां पर अज्ञात चोरों ने एक घर के ताले तोडकर अंदर रखें लाखों रुपये गहने और नगदी पर हाथ साफ किया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद चिंतपूर्णी क्षेत्र में लोगों में भय का माहौल है। इससे पहले भी 2 दिन पहले भी इसी रोड पर कांगड़ा जिला के देहरा थाना के अधीन जौड़बड़ बाजार में जोकि



कालू दी बड से दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर है। जहां पर चोरों ने बुजुर्गों को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस को दी शिकायत में परिवार के कालू दी बड़ निवासी गगनदीप शर्मा ने बताया कि वह चंडीगढ़ में परिवारिक विवाह समारोह में गए थे और घर पर ताले लगाकर गए थे। मंगलवार सुबह को एक मित्र जोकि उस रास्ते से गुजर रहा था ने सूचना दी कि उसके घर के दरवाजे खुले हैं। फोन पर मिली सूचना के बाद गगनदीप शर्मा तुरंत ही घर लौटें। घर पहुंचने पर पाया कि ताला टूटा हुआ है और सारा सामान विखरा पड़ा है। गगनदीप ने बताया कि अज्ञात चोरों ने अलमारी के अंदर से एक सोने का सेट, दो अंगूठियां, दो सोने की चेन, बच्चे के कंगने व पायल समेत 45 हजार रुपए की नगदी चुरा कर फरार हो गए। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नवनिर्वाचित विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों की एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की और उन्हें नवनिर्वाचित विधायकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन की ओर से आए सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों का एक समान विकास करने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित विधायकों को क्षेत्र के विकास तथा अन्य कार्यों के लिए हरसंभव सहायता एवं सहयोग के प्रति आश्वस्त किया है। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों ने मुख्यमंत्री को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में लिए गए विभिन्न निर्णयों के लिए उनकी तथा प्रदेश सरकार की सराहना भी की। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने छात्र जीवन से ही राजनीति में प्रवेश करते हुए आज एक लंबे संघर्ष के उपरांत प्रदेश की बागडोर संभाली है। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाले सुक्खू आम लोगों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से भलीभांति परिचित हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित विधायकों की समस्याओं को हल करने के लिए मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें हरसंभव सहयोग प्राप्त होगा। इस अवसर पर एसोसिएशन के महामंत्री त्रिलोक जम्वाल, हरीश जनारथा, चंद्रशेखर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# शिमला शहर की सड़कों की टायरिंग के लिए सीएम ने जारी किए 10 करोड़

**8 विधायक हरीश की तरफ से शहर की खस्ताहाल सडकों को ठीक करने के लिए सरकार से पैसे की मांग की**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
शहर की सडकों की दशा सुधारने के लिए सरकार ने 10 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि से शहर की सड़कों की टायरिंग की जाएगी।
शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा की तरफ से शहर की खस्ताहाल सडकों को ठीक करने के लिए सरकार से पैसे की मांग की थी, जिस पर सीएम ने 10 करोड़ जारी कर दिए है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भारी बारिश बर्फ बारी और बरसात के कारण सडकों की हालत खराब हो जाती है और शिमला शहर की सडकें भी काफी व्यस्त रहती है। ऐसे में टायरिंग करने के लिए समय नहीं मिलता है, लेकिन विधायक ने समय पर पैसे की मांग की है जिससे शहर की सडकों की टायरिंग हो पाएगी। वहीं, नगर निगम शिमला के चुनाव को लेकर भी मुख्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस चुनाव के लिए हमेशा ही तैयार रहती है। नगर निगम में इस बार फिर कांग्रेस पार्टी का कब्जा होगा।

# इवेंट की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक: ओम कांत ठाकुर

**8 उपमंडलाधिकारी ना. करसोग ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
करसोग में एक से 7 अप्रैल, 2023 तक मनाये जाने वाले सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले की तैयारियों के संबंध में उपमंडलाधिकारी ना. करसोग ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मेला कमेटी के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।इवेंट की सफलता के लिए सामूहिक



प्रयास आवश्यक इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी ने मेले की तैयारियों के संबंध में गठित विभिन्न उप समितियों के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि इस जिला स्तरीय इवेंट की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास और हर व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मेला समिति और सभी उप-समितियां आपसी तालमेल से कार्य कर एक दूसरे का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नलवाड़ मेले को पुस्तक, विज्ञान एवं करियर काउंसलिंग थीम पर मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत युवाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ.साथ युवाओं के लिए पुस्तक मेले का भी आयोजन किया जा रहा है।
प्रतिदिन आधार पर उठाया जाएगा कूड़ा कचरा
मेले के दौरान स्वच्छता बनाए रखने पर बल देते हुए उपमंडलाधिकारी ने स्वच्छता उप-समिति को निर्देश दिए कि मेला मैदान में प्रतिदिन के आधार पर कूड़ा कचरा उठाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए ताकि साफ.-सफाई बनी रहे और लोग स्वच्छ वातावरण में मेले का आनंद ले सके। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवियों की भी स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं ली जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान बेहतर सेवाएं देने वाले एनएसएस व एनसीसी के स्वयंसेवियों को प्रदेश से बाहर भ्रमण का मौका भी दिया जाएगा ताकि उनकी प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके।
सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाने के निर्देश
उपमंडलाधिकारी ने पुलिस विभाग को मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफि क व्यवस्था को चुस्त.दुरूस्त बनाने के निर्देश दिए

# बार एसोसिएशन ने कोर्ट कार्यवाही में शामिल न होने का लिया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**
माननीय हाईकोर्ट द्वारा सिविल जज कोर्ट गोहर को 1 सप्ताह के लिए सर्किट कोर्ट थुनाग में कार्य करने का निर्णय लिया है। बार एसोसिएशन गोहर ने एक आपातकालीन बैठक एसोसिएशन अध्यक्ष नवनीत वशिष्ठ की अध्यक्षता में बुलाई और सामूहिक रूप से हाई कोर्ट के सर्किट कोर्ट थुनाग में 1 सप्ताह के लिए कार्य करने के निर्णय का पुरजोर विरोध किया और सामूहिक रूप से निर्णय लिया इसके विरोध में 28 मार्च 29 मार्च 2 दिन कोई भी बार एसोसिएशन गोहर का सदस्य किसी प्रकार की कोर्ट कार्यवाही में शामिल नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर निगम द्वारा चिल्ड्रन पार्क में लगाया गया झूला एक ही दिन में टूटा, लोगों ने निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
नगर निगम सोलन शहर में पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए लगातार कार्य कर रहा है और इसके लिए बजट भी जारी किया गया है कुछ दिनों पहले शहर के मॉल रोड़ पर स्थित चिल्ड्रन पार्क में निगम द्वारा नए झूले लगाए गए थे जिस पर निगम ने कहा था कि अब यहां पर बच्चों को सुविधा मिलने वाली है लेकिन जब इन झूलों को बच्चों के खेलने के लिए खोला गया और एक दिन में ही यह झूले टूटते हुए नजर आए हैं।
झूले लगाएं लेकिन रख-रखाव का नही रखा जा रहा ध्यान
हालांकि इसको लेकर नगर निगम के प्रतिनिधियों ने मौके का निरीक्षण भी किया है। वहीं इसको लेकर स्थानीय लोगों ने रोष जाहिर किया है। स्थानीय महिला ममता ने बताया है कि शहर के चिल्ड्रन पार्क में निगम ने नये झूले लगाए थे लेकिन एक ही दिन में वह झूले टूट चुके है।


उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई टेंडर प्रणाली द्वारा खुली निविदा एकल पैकेट पद्धति के अंतर्गत आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | [illegible] पर सहारनपुर अम्बाला खंड में समपार सं0 121 सी पर मौजूदा सड़क निम्नगामी पुल के समानान्तर बाक्स पुशिंग विधि द्वारा 4x4 मीटर आकार के सड़क निम्नगामी पुल का निर्माण। |
| 2. | कार्य निष्पादन की अवधि | 08 (आठ) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू. 373.28 लाख |
| 4. | बयाना राशि | रू. 3,36,100.00 |
| 5. | निविदा अपलोड करने एवं खुलने की तिथि व समय | निविदा IREPS साईट अर्थात www.ireps.gov.in पर 24.04.2023 को 11.30 बजे तक अपलोड हो सकती है। बिडर ई टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदा 24.04.2023 को 11.30 बजे खुलेगी। |
| 6. | वेबसाईट का पता व कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा की विस्तृत विवरण देखी जा सकती है। | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। तथा निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज अथवा सबमिशन हेतु IREPS वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर 03.04.2023 से 24.04.2023 तक उपलब्ध होंगे। उपरोक्त निविदा के सम्बंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखी जा सकती है। |

टेंडर नोटिस सं0 105-[illegible]/उपमुअनि/नि/अ.छा./2022-23 दिनांक 27.03.2023
944/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 20 दिनों में ही जिला प्रशासन ने ढूंढ निकाले फोरलेन मुआवजे के 23 करोड़ रुपए के हकदार

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
हिमाचल प्रदेश के कालका शिमला एनएच पांच पर परवाणु से वाकनाघाट तक चल रहे फ ोरलेन निर्माण कार्य के दौरान फोरलेन की जद में आए मुआवजे के हकदरों को लेकर जिला प्रशासन ने कवायद तेज करते हुए 20 दिनों में 23 करोड़ रुपए संबंधित हकदारों की पहचान कर उन्हें वितरित कर दिए है।
मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद जिला प्रशासन द्वारा इस कार्य में तेजी लाई गई है अब सिर्फ डेढ़ करोड रुपए फ ोरलेन मुवावजे का हकदारों को दिया जाना है।
प्रशासन ने केवल 20 दिनों में ही यह रू 23 करोड़ रुपए संबंधित हकदारों को ढूंढते हुए यह फोरलेन मुवाबजेकी राशि वितरित की है इसके लिए युद्ध स्तर पर एसडीम सोलन और उनकी टीम कार्य कर रहे हैं।एसडीम सोलन संजय स्वरूप ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के निदेर्शों के बाद जिला में विशेष अभियान चलाया जा रहा है 20 दिनों में 23 करोड फोरलेन मुआवजे का जिला प्रशासन द्वारा संबंधित हकदारों को दिया जाना था जिसकी रिपोर्ट पटवारी और तहसीलदार द्वारा बनाई गई थी पिछले सप्ताह प्रशासन द्वारा 11 करोड़ इन हकदारों को बांटे गए हैं वही 6 करोड़ रुपए और दिया जाना था जिसमे से अब सिर्फ डेढ़ करोड ही प्रशासन द्वारा



मुवावजे के हकदारों को दिया जाना है।उन्होंने कहा कि उनके पास 15 से 20 परिवार ऐसे हैं जो अब हकदार है उन्हें यह डेढ़ करोड़ रुपए फोरलेन मुवावजे का दिया जाना है और 30 मार्च तक इन्हें भी इनका यह पैसा दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्बंधित पटवारियों और तहसीलदारों को इस बारे में कहा गया है कि जल्द से जल्द उनके लीगल हेयर सर्टिफिकेट तैयार किए जाए ताकि उन्हें यह मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने कहा जहां यह डेढ़ करोड़ रुपए का मुवावजा दिया जाना है उसमे परवाणु से सोलन तक पहले चरण का क्षेत्र आता है वही कंडाघाट से वाकनाघाट के क्षेत्र में सिर्फ 60 हजार रुपए दिए जाने है बाकि का सारा पैसा परवाणु से सोलन तक के क्षेत्र का दिया जाना है। बता दें कि जिला प्रशासन सोलन पिछले कई वर्षों से परवाणु से वाकनाघाट तक फ ोरलेन की जद में आई जमीन के मुआवजे के हकदारों को ढूंढ रहा था क्योंकि इनकी जमीन से फ ोरलेन का निर्माण भी हो गया लेकिन इन्हें ढूंढने में प्रशासन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

# भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
हिमाचल प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस के चार परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की।
राज्यपाल ने उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हिमाचल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा भी की। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान के अपने अनुभवों को राज्यपाल के साथ साझा किए। राज्यपाल ने अधिकारियों से प्रदेश में नशे और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने का बीड़ा उठाने तथा इसके लिए जन जागरूकता की अपील की।

# सौम्या ने एसपी मंडी का संभाला कार्यभार

**8 सौम्या सांबशिवम ने 28 मार्च, 2023 को जिला की 54वें एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
चैत्र नवरात्रों पर मातृ शक्ति के लिए गौरव के क्षण है। अढाई साल पहले मंडी जिला को पहली महिला पुलिस अधीक्षक मिली थीं। वहीं अब एक बार फिर मंडी में पुलिस की कमान महिला आईपीएस अधिकारी ने संभाली है।
मंगलवार को आईपीएस अधिकारी सौम्या सांबशिवम ने एसपी मंडी का कार्यभार संभाल



लिया है। इससे पूर्व मंडी पहुंचने पर आईपीएस सौम्या सांबशिवम को पुलिस विभाग की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। आईपीएस अधिकारी सौम्या ने मंडी जिला की 54वें पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार संभाला है। वहीं आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री के बाद सोम्या सांबशिवम दूसरी महिला पुलिस अधीक्षक हैं। आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री वर्ष 2020 में जिला की पहली महिला एसपी के रूप में कार्यभार संभाला था। आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री ने 24 अगस्त 2020 में मंडी में बतौर एसपी ज्वाइन किया था। आईपीएस अधिकारी सौम्या सांबशिवम ने 28 मार्च, 2023 को जिला की 54वें एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। आईपीएस अधिकारी सौम्या सांबशिवम इससे पूर्व कांगड़ा जिला के सकोह में द्वितीय आईआरबीन में कमांडेंट के पद पर तैनात थी।

# कोविड के मामलों के मद्देनजर हरोली में 42 लोगों की कोविड जांच

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
देशभर मे कोविड़ मामलों मे हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए हिमाचल प्रदेश मे भी स्वास्थ्य टीमों ने एहतियाती कदम उठाते हुए कोविड़ जांच को बढ़ाने का निर्णय लिया है। सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम प्रीति, रुचि, रोहितद्ध ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व मे कोविड़ के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए विभिन स्थानों पर लोगों की कोविड़ जांच की। इस दौरान टीम ने गाँव बाथड़ी के न्यू किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं गाँव लालहड़ी मे साई फाउंडेशन द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र मे रह रहे 42 लोगों एवं स्टाफ की कोविड़ जांच के लिए सैम्पल लिए। डॉ प्रदीप ने लोगों को कोविड़ से बचने की सलाह देते हए उनको मास्क का प्रयोग करने व हाथों को साबुन से धोने के लिए प्रेरित किया। केंद्रीय मंत्री एवं साँसद



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग ठाकुर के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधायों को बेहतर बनाने के संकल्प के तहत प्रयास संस्था द्वारा संचालित साँसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने अस्पताल हर घरए हर द्वार कार्यक्रम के तहत जिला ऊना के विभिन विधानसभा क्षेत्रों ऊना सदर, चिंतपूर्णी, गगरेट व हरोली में बुजुर्गों, महिलाओं एवम बच्चों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जिला ऊना मे 137 लोगों की स्वास्थ्य जांच साँसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की ऊना सदर टीम ने डॉ प्रिया के नेतृत्व मे गांव एवं ग्राम पंचायत अजोली में स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया स्वास्थ्य शिविर मे 33 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई द्य मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाईयों का वितरण भी निःशुल्क किया ।


उत्तर रेलवे
ई-निविदा
मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गति शक्ति/उ.रे./अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कार्य के सामने दी गई तिथि समय 15.00 बजे तक खुली रहेंगी तथा इसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | अग्रिम राशि | कार्य समाप्ति समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियन्ता/चंडीगढ़ के अधीन अंबाला - कालका खंड में किलोमीटर संख्या 239/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या सी-123 (किलोमीटर संख्या 239/6-7) को शिफ्ट कर लिमिटेड हाइट सबवे (2x7 मीटर x 3.60 मीटर) का निर्माण कार्य | 4,94,39,077/- | 3,97,200/- | 12 महीने | 28.04.2023 |

नोटः- 1. इच्छुक ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सर्टिफिकेट द्वारा लॉगऑन करना होगा। 2. अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. इच्छुक ठेकेदार को शर्तों के अनुसार योग्यता डॉक्यूमेंट, PAN/TIN/GST इत्यादि की स्कैनिंग कॉपी ही IREPS वेबसाइट में अपलोड करनी होगी। 4. विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉगऑन
खुली निविदा संख्या-एन.आई.टी.-03-गति शक्ति-अम्बाला-2022-23 दिनांक: 27.03.2023
942/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांग पिओ के छात्रों को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
किन्नौर जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांग पिओ में आज क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों को हैल्थ, हाइजीन एवं पोषण के प्रति किया अवगत करवाया गया।यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य योगेश कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ की टीम द्वारा विद्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों व स्टाफ को विभिन्न गतिविधियों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति



जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता शिविरों को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का इस कायार्शाला को आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया व कहा कि
इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए।इस अवसर पर जिला प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. अन्वेशा नेगी, चाइल्ड एंड किशोर हेल्थ स्पेशलिस्ट शारदा नेगी, जिला प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अपर्णा नेगी, काउंसलर अमित नेगी, स्टाफ नर्स अंकिता शर्मा, सीता देवी व धर्मेन्द्र, हेम राज सहित अन्य उपस्थित रहे।


कार्यालय ग्राम पंचायत अरछंडी
डाकघर-अरछंडी त.-कुल्लू जिला-कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)
विषय: निविदा आमंत्रित करने बारे प्रस्ताव।
सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि वर्ष 2023-24 के लिए 15वां वित्तायोग,मनरेगा, व अन्य विकास कार्यों के लिए रेत,बजरी, (प्रति फॉट), ईंट, पेवर्स (ISI मार्क), सरिया, एंगल, लोहा, चैनल, चादरें, स्टील, पत्थर, कट स्टोन, गटका पत्थर, लकड़ी (सरली, साल, कपूर, कायल, देवदार, बलिया) आरसीसी ह्यूम पाईप 300,450,600,एमएम प्रति नंबर, जीप किराया, टिप्पर किराया की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु जीएसटी (GST) धारक से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम (M) फार्म जमा करवाने होंगे। अतः ग्राम पंचायत उपरोक्त सामग्री हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करती है।
सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायत निम्नलिखित स्थान चिह्नित करती है :1. सामग्री उपलब्धता स्थल से अरछंडी, माहिली, शरण, पराजोट, भामाशलनी तक। निविदाए दिनांक 12-04-2023 तक पंचायत कार्यालय स्थित गाव अरछंडी में बंद लिफाफे में पहुंचनी चाहिए निविदाए केवल डाक द्वारा ही मान्य होगी। तथा यह निविदाए दिनाक 13-04-2023 को 11 बजे निर्माण कमेटी के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। आपूर्तिकर्ता सरकारी पंजीकृत होना चाहिए। सामग्री आपूर्ति में देरी, गुणवत्ता में कमी व अनियमितता होने पर कमेटी के पास आपूर्तिकर्ता को रद्द करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा यह दरें पूरे एक वर्ष के लिए होंगी। सबसे कम दरों वाली निविदाओं को अनुमोदित व पारित किया जाएगा निविदादाता को 50,000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी।
डाकपता: ग्राम पंचायत अरछंडी डाकखाना अरछंडी तहसील व जिला कुल्लू पिनकोड-175104
ग्राम पंचायत अरछंडी
विकास खंड नगर, जिला (कुल्लू हि.प्र.)

# सनी लियोन

## से मिलीं उर्फी जावेद! Ragini MMS 2 एक्ट्रेस को देख ऐसा था हसीना का रिएक्शन



उर्फी जावेद को टेलिविजन इंडस्ट्री की सबसे बोल्ड एक्ट्रेस कहा जा सकता है. इस हसीना का जितना नाम उनके शोज और उनकी एक्टिंग से नहीं है, उतना फेम उन्हें अपने सोशल मीडिया और अतरंगी कपड़ों की वजह से मिला है. उर्फी जावेद को हाल ही में एक इवेंट में स्पॉट किया गया था जहां उनके अजीबोगरीब फैशन सेंस ने एक बार फिर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया. इस हसीना का एक और वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वो ऐडल्ट स्टार और बॉलीवुड की सबसे बोल्ड एक्ट्रेसेज में से एक, सनी लियोन (Sunny Leone) से मिली हैं. उर्फी और सनी के मिलने और फिर कैमरे के सामने पोज करने का वीडियो लोग बहुत देख रहे हैं और शेयर भी कर रहे हैं...



**जब Sunny Leone से मिलीं Urfi Javed!**

उर्फी जावेद (Urfi Javed) और सनी लियोन (Sunny Leone) ओटीटी प्ले अवॉर्ड्स में स्पॉट किया गया जो मुंबई में होस्ट किया जा रहा था. उर्फी जहां अतरंगी पसलियों के टॉप में थीं, वहीं सनी ने एक स्ट्रैपलेस गाउन पहना था जिसमें वो अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट कर रही थीं. सनी और उर्फी ने मीडिया के सामने एक साथ पोज किया और फिर अंत में दोनों एक दूसरे के गले लग गईं. बता दें कि सनी और उर्फी ने एक साथ स्प्लिट्सविला (Splitsvilla) में काम किया है.

**उर्फी के कपड़ों ने फिर उड़ाये सबके होश!**

उर्फी जावेद ने इस इवेंट के लिए एक टॉपलेस और ब्रालेस लुक का चुनाव किया जो कई लोगों को बहुत खराब भी लगा है. एक्ट्रेस ने अपने ब्रेस्ट्स इस लुक में काफी हद तक एक्सपोज किये हैं और अपनी इज्जत ढकने के लिए दो स्टिकर्स का इस्तेमाल किया. टॉप की जगह एक्ट्रेस ने पसलियों का एक स्ट्रक्चर पहना था जो काफी अजीब भी लग रहा था. सनी देओल ने इस इवेंट के लिए एक शिमरी गाउन पहना था जो स्ट्रैपलेस था और जिसमें उनका क्लीवेज भी नजर आ रहा था.

# यामी गौतम

## को पैपराजी की इस हरकत से है सख्त नफरत, बोलीं – वह हमारा प्राइवेट मोमेंट होता है



हवाई जहाज के अपहरण पर हिंदी सिनेमा में कई फिल्में बनीं हैं। इनमें 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज फिल्म चोर निकल के भागा भी शामिल है। इसकी कहानी हीरे की चोरी को लेकर है जो बाद में विमान अपहरण में बदल जाती है। फिल्म के बहाने इसके कलाकार यामी गौतम और शरद केलकर की अंतरंग बातचीत स्मिता श्रीवास्तव के साथ...

**आप लोगों की पहली हवाई यात्रा का क्या अनुभव रहा है?**

शरद केलकर: (हंसते हुए) मेरा तो बहुत अच्छा था। मुझे तो ऐश्वर्या राय जी के साथ शूट करने का मौका मिल रहा था। सहारा एयरलाइंस का विज्ञापन था। मैं पहली बार फ्लाइट से गोवा गया था। वहां जाकर मालूम हुआ कि ऐश्वर्या जी तो वहां हैं नहीं, वो तो ओमा पर शूट कर रही हैं। पर पहली बार फ्लाइट से जाने का यह अनुभव शानदार था यामी गौतम "मेरी पहली फ्लाइट मुंबई के लिए ही थी और मैं बहुत नर्वस थी क्योंकि मैं अकेले ट्रैवल कर रही थी। पापा ने मुझे हर स्टेप बताया था कि कैसे कहां पर जाना होगा। मेरे ढेर सारे सवाल थे। वहां पहुंची तो बिल्कुल वैसी ही प्रक्रिया थी जैसा पापा ने समझाया था। रात को फ्लाइट लैंड होनी थी, ऊपर से शहर काफी जगमगा रहा था।

मुझे लगा कि इसलिए कहते हैं मुंबई सपनों का शहर है, जो कभी सोता नहीं है। दरअसल, मुझे लगता था कि मुंबई में हर रात सेलिब्रेशन होता है। फिर धीरे-धीरे नीचे आने पर पता चला कि वो गाड़ियों व घरों की रोशनी थी। जब फ्लाइट लैंड हुई तो लोगों ने ताली बजाई। मुझे नहीं पता वो ताली क्यों बजा रहे थे, लेकिन मैंने भी तलाई बजाई।

यामी: अगर किसी के घर में जाओ और कुछ खाने को देता था तो पहले मना कर देते थे तो मैं इतनी भोली थी कि फ्लाइट में भी केक मना कर दिया, बगल वाले ने केक खा लिया। अब मैं कैसे मांगू दोबारा। वह सब चीजें मेरे साथ पहली फ्लाइट के दौरान हुई थीं।

**जब आपकी पहचान बन गई, तो प्रशंसकों के साथ कैसा अनुभव रहा...**

शरद: हमें भी अच्छा लगता है। आखिरकार हम कलाकार हैं। दो-तीन बार ऐसा होता है कि लोग आपका नाम नहीं जानते और कहेंगे कि कहीं देखा है। पांच-छह फिल्म के नाम बताओ तो कहेंगे हां, हां.. आप तो वो हैं। कई जगह अगर कैप और चश्मा लगाए होते हैं तो कहेंगे प्लीज कैप उतार दीजिए।

## राजमहल से भागकर की थी एक आम आदमी से शादी, फिर प्यार के खातिर छोड़ा बॉलीवुड, आज 2 बच्चों की हैं मां



भाग्यश्री (Bhagyashree) अपनी पहली फिल्म 'मैंने प्यार किया' से रातोंरात स्टार बन गई थी. दर्शकों के साथ क्रिटिक्स ने उनकी मासूमियत और शानदार अभिनय की जमकर तारीफ की थी. उन्हें बॉलीवुड की अगली बड़ी स्टार कहा गया, पर उन्होंने प्यार के लिए फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया और अपने प्रेमी हिमालय दसानी से शादी कर ली. भाग्यश्री ने 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' को दिए इंटरव्यू में बताया था कि वे अपने लवर हिमालय दसानी से कैसे मिली थीं. दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे. स्कूल की यादों का जिक्र करते हुए भाग्यश्री ने कहा था, 'हम एक-साथ स्कूल जाते थे. वे क्लास में सबसे शरारती थे और मैं क्लास मॉनिटर थी. हम हमेशा लड़ते रहते थे. हम जितना लड़ते, उतना ही यह साफ होता गया कि हम एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते. हमने कभी एक-दूसरे को डेट नहीं किया. उन्होंने स्कूल के आखिरी दिन बताया कि वे मुझे लेकर कैसा महसूस करते हैं. उन्होंने कहा- मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूं और वे करीब एक हफ्ते अपनी बात कहने की प्रेक्टिस करते रहे, पर हमेशा कहने से पीछे हट जाते. मैं आखिर में उनके पास गई और कहा- देखो, जो है उसे कह दो. मुझे यकीन है कि जवाब पॉजीटिव ही होगा और तब उन्होंने मुझे बताया कि मैं उन्हें पसंद हूं.'

**भाग्यश्री ने जब फिल्म 'मैंने प्यार किया' साइन की**

भाग्यश्री का जन्म 23 फरवरी 1969 को मराठी राजघराने में हुआ था. उनके पिता महाराष्ट्र के सांगली के राजा रहे हैं. जब भाग्यश्री के परिवार को उनके अफेयर के बारे में पता चला तो वे उनके खिलाफ हो गए. दोनों ने परिवार के खातिर ब्रेकअप कर लिया था. एक्ट्रेस ने बताया था, 'हम कॉलेज में थे, पर मुश्किल से मिलते या फोन पर बात करते थे. जब मैंने अपने पैरेंट्स को बताया तो उन्होंने कहा कि हम ऐसा कोई निर्णय करने में अभी काफी छोटे हैं. मैं मानने लगी कि अगर वे सच में मुझे प्यार करते हैं, तो हमें कुछ वक्त के लिए दूर हो जाना चाहिए. उन्हें जानना चाहिए और समझने की कोशिश करनी चाहिए कि क्या मैं वह हूं जिससे वे प्यार करते हैं और फिर हम एक हो सकते हैं. इसलिए, हमने ब्रेकअप कर लिया और वह अमेरिका पढ़ने चले गए और तब 'मैंने प्यार किया' फिल्म साइन की.' भाग्यश्री कहीं-न-कहीं जानती थीं कि वे फिर मिलेंगे.

## सुनील शेट्टी का टूटा दिल! गोविंदा के करियर पर उठाए सवाल? कहा– वो एक्टिंग के भगवान हैं फिर भी नहीं करते...



बॉलीवुड के दिग्गज सुनील शेट्टी (Suniel Shetty) अपनी हालिया रिलीज हुई एक्शन और ड्रामा वेबसीरीज हंटर (Hunter) को लेकर खबरों में बने हुए हैं. वह अपने इस सीरीज से खूब वाहवाही बटोर रहे हैं. इसके साथ ही वह बढ़ चढ़ कर इसका प्रमोशन कर रहे हैं. इसी बीच एक्टर ने 90 के दशक में फैंस के दिलों पर राज करने वाले बॉलीवुड के 'ची ची' यानी गोविंदा (Govinda) को लेकर बातें की. उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह गोविंदा से काफी नाराज हैं और दुखी भी. इसके साथ ही उन्होंने गोविंदा को 'एक्टिंग का भगवान' कहकर बुलाया है.

आपको बता दें कि सुनील शेट्टी और गोविंदा 90 के दशक के सुपरस्टार्स रहे हैं. गोविंदा ने जहां अपनी डांसिंग और एक्सप्रेशन से दर्शकों को दिलों में अलग पहचान बनाई है, वहीं सुनील शेट्टी बॉलीवुड में बतौर एक्शन हीरो अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं. सुनील शेट्टी की पहली फिल्म 'बलवान' थी. यह फिल्म 1992 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म से डेब्यू करते समय उनकी उम्र 31 साल थी, जबकि गोविंदा ने साल1986 में फिल्म 'इल्जाम' से अपना डेब्यू किया था.

**गोविंदा की जमकर तारीफें**

ई-टाइम्स से बात करते हुए सुनील शेट्टी ने गोविंदा की तारीफें की और कहा कि वह एक्टिंग के भगवान हैं. रिपोर्ट के अनुसार, सुनील ने कहा, गोविंदा जैसे परफॉर्मर बेहद कम ही होते हैं. शायद उनका जैसा परफॉर्मर अब मिले ही नहीं. वह बस एक कदम बढ़ाते हैं और लोगों के दिलों पर छा जाते हैं. उनका जन्म ही दिल जीतने और इंस्पायर करने के लिए ही हुआ है. जब एक्टिंग की बात आती है तो मेरे ख्याल से वह एक्टिंग के देवता हैं. वह आपके साथ खड़े होते हैं या फिर आपके सामने परफॉर्म करते हैं तो कॉम्प्लैक्स दे देते हैं. वह बहुत ही शांत और नेक इंसान हैं".

**इस बात से गोविंदा से हैं खफा**

आगे बातचीत में सुनील शेट्टी ने खुलासा किया कि वह गोविंदा से खफा हैं. वो इसलिए क्योंकि गोविंदा अब फिल्मों में एक्टिव नहीं हैं. उसका उन्हें काफी दुख है. रिपोर्ट के अनुसार, सुनील ने कहा, 'मैं गोविंदा से नाराज हूं क्योंकि वह कम काम कर रहे हैं.

## मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंची आर्यना सबालेंका

**मियामी।** दुनिया की नंबर 2 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रात खेले गए मियामी ओपन के चौथे दौर में 16वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिक्कोवा को 6-3, 6-2 से हराकर सीजन के अपने पांचवें क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में सबालेंका का सामना बुधवार को रोमानिया की सोराना क्रिस्टिया से होगा। जीत के बाद सबालेंका ने कहा, यह मेरी ओर से एक अद्भुत प्रदर्शन था। मुझे लगता है कि मैंने वास्तव में शानदार टेनिस खेला। मैं इस स्तर से बहुत खुश हूं, खासकर बारबोरा जैसी खिलाड़ी के खिलाफ जीत दर्ज कर, उसके खिलाफ हमेशा खेलना कठिन होता है। सबालेंका ने कहा, मुझे लगता है कि पिछले दो मैचों में मैंने पहला सेट जीता और हर बार दूसरे सेट में हार मिली। इस मैच में मैंने ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की,और अंत में जीत के साथ वापसी की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरी सर्विस की वजह से उस पर बहुत दबाव था। आज की कुंजी निश्चित रूप से मेरी सर्व थी क्योंकि मैं उसकी सर्व पर अधिक स्वतंत्रता के साथ खेल सकती थी।



## फीफा ने ईसीए के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने दीर्घकालिक संबंध के लिए यूरोपीय क्लब एसोसिएशन (ईसीए) के साथ नए सिरे से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।अंतरराष्ट्रीय मार्च कैलेंडर का पालन करने के यूरोपीय क्लबों की प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए यह समझौता 31 दिसंबर, 2030 तक चलेगा, जिसे फीफा परिषद द्वारा 14 मार्च को जारी किया गया था। ईसीए ने 2025 से नए फीफा पुरुष और महिला क्लब विश्व कप के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें 12 यूरोपीय क्लब शामिल हैं।

फीफा के अनुसार, क्लब बेनिफिट्स प्रोग्राम, जो पुरुषों के विश्व कप के लिए खिलाड़ियों को जारी करने वाले सभी क्लबों को मुआवजा देता है, 2018 और 2022 फीफा विश्व कप के लिए 209 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2026 और 2030 के टूर्नामेंट के लिए 355 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। बुडापेस्ट, हंगरी में 29वीं ईसीए महासभा में फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और ईसीए के अध्यक्ष नासिर अल-खेलफी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## शतरंज : पवन बाथम ने टाई ब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन से जीता खिताब

### 'प्रोटेक्ट योर क्वीन' शतरंज टूर्नामेंट, महिला वर्ग में ऐमान अख्तर को शीर्ष स्थान

**लखनऊ।** लखनऊ के सीनियर खिलाड़ी पवन बाथम 'प्रोटेक्ट योर क्वीन' शतरंज टूर्नामेंट में टाईब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन के सहारे विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। हालांकि उन्हें अंतिम राउंड में शाहजहाँपुर के 14 वर्षीय आयुष सक्सेना से तगड़ी चुनौती मिली। आयुष सक्सेना ने अपनी शातिर चालों के सहारे शीर्ष वरीय पवन को ड्रा खेलने पर मजबूर किया। शहर के एक होटल में आयोजित इस चैंपियनशिप के छठे व अंतिम राउंड के बाद पवन बाथम और आयुष सक्सेना दोनों के 5.5-5.5 अंक रहे लेकिन टाई ब्रेक स्कोर के चलते पवन पहले व आयुष दूसरे पायदान पर रहे। वहीं महिला वर्ग में ऐमान अख्तर 4.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रही, जबकि पूजा कश्यप दूसरे और विनीता अग्रवाल तीसरे पायदान पर रहीं।

चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) द्वारा इस टूर्नामेंट का आयोजन कुंसकैपकोलन स्कूल की 13 वर्षीय छात्रा प्रिशा गर्ग द्वारा शुरू किए गए जागरूकता अभियान के तहत किया गया। टूर्नामेंट के विशेष पुरस्कारों में बेस्ट चेस डैड ता में कुलदीप कुमार को पहला व कनिष्क देव रस्तोगी को दूसरा स्थान मिला। बेस्ट चेस मॉम श्वेता चुनी गयी। बेस्ट चेस -थीम-रॉयल्टी ड्रेस का पुरस्कार अरुण सिंह (जिन्होंने टूर्नामेंट में चमकदार पगड़ी पहनी थी) को दिया गया। मुख्य अतिथि गरिमा गुप्ता (शिक्षाविद् और युवा भारतीय वैज्ञानिक, दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम द्वारा सम्मानित) ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## वुस्पोर्ट्स ने सुनील छेत्री और एबी डिविलियर्स को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स एनालिटिक्स, स्ट्रीमिंग और कंटेंट प्लेटफॉर्म वुस्पोर्ट्स ने भारतीय फुटबॉल दिग्गज सुनील छेत्री और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

ब्रांड को सोशल मीडिया (यूट्यूब, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि) पर 2022 की शुरुआत में सुपर सिक्स स्पोर्ट्स गेमिंग (एसएसएसजी) द्वारा लॉन्च किया गया था, जो तत्कालीन डेली फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप, फैंटेसी अखाड़ा की मूल कंपनी है पिछले 12 महीनों में, उच्च गुणवत्ता वाले डेटा-समर्थित सामग्री और दिलचस्प स्ट्रीमिंग अधिकारों के अधिग्रहण के कारण, वुस्पोर्ट्स का एक अच्छा खासा दर्शक वर्ग है। दुनिया भर में लाइव स्कोर और क्रिकेट और फुटबॉल मैचों के विस्तृत आँकड़े देने के अलावा, ऐप डेटा विज्ञान-समर्थित अंतर्दृष्टि और काल्पनिक खेल उपयोगकर्ताओं को अपनी टीम चयन में अधिक विकसित निर्णय लेने के लिए सुझाव प्रदान करेगा। ऐप उपयोगकर्ता को प्लेटफॉर्म पर जोड़े रखने के लिए खेल और आकर्षक सामग्री दोनों के लिए स्ट्रीमिंग विकल्प भी प्रदान करता है। एबी डिविलियर्स ने कहा, 'मैं




वुस्पोर्ट्स के साथ जुड़कर रोमांचित हूं। एक खिलाड़ी के रूप में, मुझे पता है कि सटीक और अप-टू-डेट जानकारी तक पहुंच होना कितना महत्वपूर्ण है। वुस्पोर्ट्स वह और बहुत कुछ प्रदान करता है। यह खेल के प्रति उत्साही लोगों के लिए एक शानदार मंच है।

सुनील ने कहा, मैं वुस्पोर्ट्स परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मेरा मानना है कि इस मंच में भारत में लोगों के खेल को देखने के तरीके को बदलने की क्षमता है। पेश किए गए विश्लेषण और सामग्री अद्वितीय है, और मैं देश भर के प्रशंसकों के लिए सर्वश्रेष्ठ सामग्री लाने के लिए टीम के साथ काम करने की आशा करता हूं।

वुस्पोर्ट्स का लक्ष्य स्पोर्ट्स एनालिटिक्स के लिए गो-टू प्लेटफॉर्म के रूप में खुद को स्थापित करना है और सामग्री के पीछे मजबूत डेटा विज्ञान उत्पाद के लिए सबसे बड़ा अंतर होगा।

प्रतीक गोसर, सीईओ, वुस्पोर्ट्स ने कहा, 'हमारे साथ इस यात्रा पर खेल के दो दिग्गजों का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। तकनीक के माध्यम से कट्टर खेल प्रशंसकों को खुशी देना हमारे संगठन का विजन रहा है और हम भारत में खेलों की खपत के तरीके में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' सुमित कुमार झा, ग्रुप सीओओ, ने कहा, फंतासी अखाड़ा की भारी सफलता के बाद, हम यह देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं कि हमारा दूसरा उत्पाद किस तरह आकार ले रहा है। बहुत उच्च गुणवत्ता वाली डेटा अंतर्दृष्टि के साथ-साथ ऐप की सहजता ने मुझे चकित कर दिया है। यह तकनीक और डेटा विज्ञान टीमों में हमारे संगठन के भीतर मौजूद प्रतिभा की गुणवत्ता के बारे में बताता है। हम तैयार हैं और यूजर्स को लुभाने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। आईपीएल नजदीक आने के साथ, कंपनी दर्शकों को एक से अधिक तरीकों से जोड़ने और देश में एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए तैयार है।

## मियामी ओपन : जेसिका पेगुला ने मैग्डा लिनेट को हराकर क्वार्टरफाइनल में किया प्रवेश



**मियामी।** जेसिका पेगुला ने मैग्डा लिनेट को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रात खेले गए मुकाबले में तीसरी वरीय पेगुला ने लिनेट को 6-1, 7-5 से हराकर 2023 के अपने चौथे क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में पेगुला का सामना अनास्तासिया पोटापोवा से होगा, जिन्होंने झेंग किनवेन को 6-4, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जीत के बाद पेगुला ने कहा, सब कुछ काम कर रहा था, और फिर दूसरे सेट में चीजें कठिन हो गईं। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं मैच जीतने में सफल रही। पोटापोवा से मैच को लेकर पेगुला ने कहा, यह वास्तव में कठिन होने जा रहा है। मैंने अभी उनके खिलाफ इंडियन वेल्स में खेला है और हमारे बीच वास्तव में कठिन मैच हुआ था। वह वास्तव में उच्च स्तर पर खेल रही थी। वह पिछले दो, तीन टूर्नामेंटों से अच्छा खेल रही है। वह आत्मविश्वास से भरी है। मुझे लगता है कि वह शायद इन परिस्थितियों को पसंद करती है। मैंने पिछली बार उसके साथ खेलने से जो सीखा था, वही मैच में लाने की कोशिश करूंगी। यह एक अच्छा मैच होने जा रहे है।

## पंजाब किंग्स से जुड़े मैथ्यू शॉर्ट, राजस्थान रॉयल्स ने संदीप शर्मा के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 संस्करण के लिए पंजाब किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो की जगह अनकैप्ड ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मैथ्यू शॉर्ट के साथ करार किया है।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज बेयरस्टो टाटा आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं, क्योंकि वह सितंबर में लगी चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। शॉर्ट का यह पहला आईपीएल सीजन होगा।

सलामी बल्लेबाज शॉर्ट को बिग बैश लीग के हालिया संस्करण में 458 रन बनाने और ऑफ स्पिन के साथ 11 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया था। शॉर्ट को उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये में साइन किया गया है।

वहीं, चोटिल तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह लेने के बाद तेज गेंदबाज संदीप शर्मा इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। अपने 50 लाख रुपए के आधार मूल्य के साथ चुने



गए, संदीप टूर्नामेंट में सबसे वरिष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, जिनके नाम 100 से अधिक विकेट दर्ज हैं और आईपीएल के 10 सीज़न का अनुभव है।

## फीफा ने ईसीए के साथ किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**जिनेवा।** विश्व फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने दीर्घकालिक संबंध के लिए यूरोपीय क्लब एसोसिएशन (ईसीए) के साथ नए सिरे से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।अंतरराष्ट्रीय मार्च कैलेंडर का पालन करने के यूरोपीय क्लबों की प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए यह समझौता 31 दिसंबर, 2030 तक चलेगा, जिसे फीफा परिषद द्वारा 14 मार्च को जारी किया गया था।

ईसीए ने 2025 से नए फीफा पुरुष और महिला क्लब विश्व कप के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की, जिसमें 12 यूरोपीय क्लब शामिल हैं।

फीफा के अनुसार, क्लब बेनिफिट्स प्रोग्राम, जो पुरुषों के विश्व कप के लिए खिलाड़ियों को जारी करने वाले सभी क्लबों को मुआवजा देता है, 2018 और 2022 फीफा विश्व कप के लिए 209 मिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2026 और 2030 के टूर्नामेंट के लिए 355 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगा। बुडापेस्ट, हंगरी में 29वीं ईसीए महासभा में फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और



ईसीए के अध्यक्ष नासिर अल-खेलफी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## बांग्लादेश ने पहले टी-20 में ठोके 207 रन, आयरलैंड पर मिली मात्र इतने रन से जीत

**ढाका।** रोनी तालुकदार के पहले अर्धशतक की मदद से बांग्लादेश ने वर्षाबाधित पहले टी20 मैच में आयरलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 22 रन से हराया। तालुकदार ने 38 गेंद में सात चौकों और 3 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। बांग्लादेश ने बारिश के कारण खेल में खलल पड़ने से पहले 5 विकेट पर 207 रन बना लिए थे। आयरलैंड को 8 ओवर में 104 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन वह 5 विकेट पर 81 रन ही बना सकी।



बांग्लादेश के लिए तालुकदार और लिटन दास ने पहले पावरप्ले में 81 रन जोड़े । तेज गेंदबाज क्रेग यंग ने लिटन को आठवें ओवर में आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लिटन ने 23 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। तालुकदार ने सिर्फ 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। हैरी टेक्टर ने नजमुल हुसैन शांतो को 14 के स्कोर पर पवेलियन भेजा जबकि तेज गेंदबाज ग्राहम ह्यूमे ने तालुकदार को आउट किया। शमीम हुसैन ने 20 गेंद में 30 रन बनाए जबकि कप्तान शाकिब अल हसन 13 गेंद में 20 रन बनाकर नाबाद रहे।

मैच जीतने के बाद शाकिब ने कहा- हम यही चाहते हैं। एक या दो लोगों के लिए हमेशा योगदान देना मुश्किल होता है। आज सबने प्रदर्शन किया। आयरलैंड ने ओपनिंग पर गति पकड़ी थी यह बताता है कि युवा बल्लेबाज घबराते नहीं है वह बाहर आकर प्रदर्शन करना चाहते हैं। जिस तरह से वे गेंदबाजी कर रहे हैं वह शानदार है, हमारे पास कुछ और खिलाड़ी हैं जिन्हें हमारे तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन के कारण मौके नहीं मिल रहे हैं।

वहीं, मैच गंवाकर आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि हमें आज बेहतर स्थितियां मिलीं थीं। लेकिन बारिश के कारण काम खराब हो गया। हमने इस दौर पर विकेट लेने के लिए संघर्ष किया है। अगर हमें विकेट मिलते तो हम दबाव बना सकते थे। मुझे लगता है कि मैच में हमने आखिरी दस ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया, नहीं तो स्कोर और खराब हो सकता था।

## मियामी ओपन : बियांका आंद्रीस्कू और टॉमी पॉल चौथे दौर में

**मियामी गार्डन्स ।** कनाडा की 2019 अमरीकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रीस्कू ने यहां मियामी ओपन के तीसरे दौर में 2020 विम्बलडन विजेता अमेरिका की सोफिया केनिन पर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। आंद्रीस्कू ने तीसरी दफा मियामी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। खेले गए अन्य मैचों में दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी और टोक्यो ओलिम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेनसिच ने रूस की कैटरीना एलेक्सांद्रोवा को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।





चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोयूसोवा ने हमवतन कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-1, 6-2 से मात दी। वहीं पुरुषों के वर्ग में अमेरिका के टॉमी पॉल और दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फिट्ज ने सीधे सेटों में अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-3, 7-5 से पराजित किया जबकि फिट्ज ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। दुनिया के 8वें नंबर के होल्गर रूने ने अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्टजमैन पर 6-4, 6-2 से फतह हासिल की। वहीं रूस के आंद्रे रुब्लेव ने मियोमीर केसमानोविच की चुनौती 6-1, 6-2 से खत्म की।

## पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोका, 66 रन से जीत तीसरा टी20 मैच

**काबुल।** अफगानिस्तान का पाकिस्तान को तीन मैचों की टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप का सपना उस समय टूट गया जब आखिरी मैच में उनका प्रयास पाकिस्तान टीम ने विफल कर दिया और 66 रन से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के पांच बड़े खिलाड़ी जिसमें बाबर आजम भी हैं उनके बिना यह टी20 सीरीज खेल रहा था जिसमें पाकिस्तान को पहले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 182/7 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर अफगानिस्तान को 8 गेंद शेष रहते 116 रन पर ढेर कर दिया। पाकिस्तान के अंतरिम कप्तान शादाब खान और युवा तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह ने 6 विकेट की साझेदारी की। शादाब 3-13 के साथ टी20 में 100 विकेट तक पहुंचने वाले पहले पाकिस्तानी पुरुष खिलाड़ी बने। इहसानुल्लाह ने अपनी तेज शॉर्ट पिच गेंदों से 3-29 रन बनाए। शादाब ने 17 गेंदों में 28 रन बनाकर बल्ले से भी प्रदर्शन किया जबकि सैम अयूब अपने पहले टी20 अर्धशतक से एक रन से चूक गए। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने कहा, 'इस टीम का हिस्सा बनना एक विशेष अवसर है।' उन्होंने कहा, 'हमने सीरीज जीती, लेकिन हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करना है। हमने दबाव में अच्छी प्रतिक्रिया दी। अतीत में हमने दबाव में संघर्ष किया है लेकिन मुझे खुशी है कि हमने कुछ मैचों में लक्ष्य का पीछा किया। नजीबुल्लाह जादरान रिटायर्ड हर्ट हो गए। कन्कशन स्थानापन्न अज़मतुल्लाह ओमरज़ई ने आउट होने से पहले 21 रन बनाए। पाकिस्तान ने पहले दो टी-20 में केवल 92-9 और 130-6 बनाए लेकिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज सैम ने राशिद खान की गति और स्पिन के खिलाफ धाराप्रवाह बल्लेबाजी करते हुए दो छक्के और चार चौके लगाए जबकि अब्दुल्ला शफीक ने 13 गेंदों में 23 रन बनाए और अपने पिछले चार टी-20 में स्कोर करने में नाकाम रहने के बाद आखिरकार अपना सूखा तोड़ दिया।

## मुझे याद है रोहित एक समय में क्रिकेट किट के पैसों के लिए दूध के पैकेट बेचते थे : प्रज्ञान ओझा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने पिछले एक दशक से भी लंबे क्रिकेटिंग करियर में काफी-उतार चढ़ाव देखे हैं, लेकिन उन्होंने इस समय दौरान खुद पर काफी मेहनत कि और आज वह भारतीय टीम के सबसे अहम चेहरा बन गए हैं। मध्यवर्गीय परिवार से उभर कर रोहित ने अपने जीवन में हर वो मुकाम हासिल कर लिया है, जिसका सपना आज हर कोई युवा क्रिकेटर देखता है। हालांकि, रोहित जब क्रिकेट की दुनिया में पहचान बनाने के लिए तैयारियों में जुटे थे तो उनको जीवन में काफी संघर्ष करना पड़ा। रोहित शर्मा के करीबी दोस्त प्रज्ञान ओझा ने अब रोहित के संघर्ष भरे दिनों को याद करते






हुए कई अहम खुलासे किए हैं, उन्होंने बताया है कि रोहित एक समय क्रिकेट किट के पैसों के लिए दूध के पैकट बेचने पर मजबूर थे। ओझा ने कहा, “वह (रोहित) एक मध्यवर्गीय परिवार से थे और मुझे याद है कि एक बार जब हमने चर्चा की थी कि क्रिकेट किट के लिए रोहित बजट कैसे प्रतिबंधित है तो वह भावुक हो ग था। वास्तव में, उन्होंने अपने क्रिकेट किट के पैसों के लिए दूध के पैकेट भी बेचा करते थे। अब जब मैं उसे देखता हूं, तो मुझे बहुत गर्व महसूस होता है कि हमारी यात्रा कैसे शुरू हुई और हम कहां पहुंचे, प्रज्ञान ओझा ने उस पल को याद किया जब वह पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में औपचारिक रूप से रोहित से मिले थे और कैसे हर कोई कह रहा था कि वह विशेष खिलाड़ी थे। उन्होंने कहा उस समय रोहित उनके खिलाफ क्रिकेट के मैदान में काफी आक्रामक थे, लेकिन बाद में वह अच्छे दोस्त बन गए। उन्होंने कहा, “जब मैं पहली बार अंडर-15 राष्ट्रीय शिविर में रोहित से मिला, तो सभी ने कहा कि वह एक बहुत ही खास खिलाड़ी है। वहां, मैंने उनके खिलाफ खेला और उनका विकेट लिया। रोहित एक विशिष्ट बॉम्बे लड़का था, ज्यादा बात नहीं करता था, लेकिन आक्रामक था जब वह खेलता था। वास्तव में, मुझे बहुत आश्चर्य हुआ कि जब हम एक-दूसरे को नहीं जानते थे तो वह मेरे साथ इतना आक्रामक क्यों था, लेकिन उसके बाद हमारी दोस्ती बढ़ने लगी।'

ओझा ने आगे कहा, 'जब तक रोहित को रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलने का मौका मिला, तब तक हम सिर्फ एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन हमारी दोस्ती तब बढ़ी जब हम एक कॉमन पॉइंट पर आए। वह एक अच्छा मिमिक था और मुझे वास्तव में ऐसे लोग पसंद हैं जो प्रैंक खेल सकते हैं और रोहित उनमें से एक है। हम अंडर-19 स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का दबाव महसूस करते थे। इसलिए, जब भी वह देखता था कि मैं दबाव महसूस कर रहा हूं तो वह कुछ ऐसी नकल करते थे, जिससे तनाव दूर हो जाता था और चारों ओर हंसी आ जाती थी। इसके बाद ओझा ने 2008 में आईपीएल के दौरान डेक्कन चार्जर्स में रोहित और अपने दिनों को याद किया, उन्होंने कहा कि रोहित के बीच तभी से नेतृत्व करने की क्षमता थी। उन्होंने कहा, “रोहित ने मुझे समझने में मदद की थी कि टी20 क्रिकेट में भी आप एक आक्रामक गेंदबाज बन सकते हैं और बीच के ओवरों में विकेट ले सकते हैं। तब से, मैं समझ गया कि वह एक नेता के रूप में कैसे सोच रहे थे और कैसे उन्होंने बाकी लोगों से एक कदम आगे रहने की कोशिश की।'

